**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, जागरूक एक्सप्रेस, न्यायाधीश, तरूणमित्र न्यूज,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 27.12.2024

### वीडीए के नियम का फायदा उठाने वाले बिल्डरों पर होगी एफआईआर

**अब नहीं चलेगा करे कोई और भरे कोई का फॉर्मूला, अब तक हादसा होने पर भवन स्वामी के खिलाफ की जाती थी कार्रवाई**

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। बिल्डर एग्रीमेंट तहत बनने वाले भवनों में हादसा या अन्य गड़बड़ी में अब बिल्डर की जवाबदेही तय की जाएगी। उन पर एफआईआर भी दर्ज होगा।

दरअसल नियमानुसार कागजात में भवन स्वामियों का नाम होता है। यही कारण है भवन स्वामी पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन अब नए नियम में बिल्डरों पर शिकंजा कसेगा। शहर में पुरानी बिल्डिंग में 60:40 के हिसाब से बिल्डर और भवन स्वामी विकास कार्य करा रहे हैं। निर्माण कार्य के दौरान होने वाले हादसे में बिल्डर बच निकलते हैं। प्रायः यह देखा जाता है कि डेवलपमेंट अथॉरिटी से ऐसे नक्शे की स्वीकृति जारी की जाती है। जो वास्तविक भू स्वामी होते है। जबकि इस जमीन पर भू स्वामी पैसा नहीं लगाता है। पैसा बिल्डर लगाता है। यदि जमीन का मालिक निर्माण के लिए किसी बिल्डर से करार करता है तो वह उपभोक्ता कहलाएगा।

यदि जमीन मालिक का निर्माण पर कोई नियंत्रण नहीं है तो वह उपभोक्ता की श्रेणी में है। निर्माण कार्य पर नियंत्रण बिल्डर का होता है। बिल्डर भू स्वामियों से एग्रीमेंट करने के दौरान कई पेच फंसा देते हैं। ज्यादातर कागजों में भवन स्वामी का नाम होता है। ऐसे में यदि कोई हादसा हुआ तो जेल जाने की नौबत भू स्वामी की होती है। ऐसे में बिल्डर आसानी से नियमों का फायदा उठाते हैं। कई बार तो इसे लेकर भू स्वामी और बिल्डरों में विवाद हो जाता है। मामला थाने से होकर कोर्ट तक पहुंच जाता है। इसे देखते हुए वीडीए ने नियमों को शिथिल किया है।

> "भू स्वामी बिल्डर एग्रीमेंट के तहत यदि विकास कार्य भू स्वामी से इतर व्यक्ति कराता है तो उसे वीडीए पक्षकार बनाएगा। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 एक के तहत कार्रवाई की जाएगी। - पुलकित गर्ग, वीडीए उपाध्यक्ष

## अमर उजाला–दि0 27.12.2024

### गढ़वासी टोला में विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

**वाराणसी।** दक्षिणी विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने बृहस्पतिवार को गढ़वासी टोला में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। वीडीए ओर से यहां की आंतरिक गलियों और संपर्क मार्ग के विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों में पेयजल लाइन, सीवर लाइन, सीसी रोड और स्टील स्टोन फ्लोरिंग का समावेश है। इनकी अनुमानित लागत 72.32 लाख रुपये है। विधायक ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के निवासियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करेगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए इसके शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन की उम्मीद जताई। इस अवसर पर वीडीए के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और संबंधित विकासकर्ता भी उपस्थित रहे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 27.12.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने बच्चों को बताया करियर में फैशन डिजाइनिंग का महत्व

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को करियर में फैशन डिजाइनिंग के महत्व को बताया। कहा फैशन कम्युनिकेशन डिजाइन स्नातक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक अवसर मिलते हैं। निफ्ट का फैशन कम्युनिकेशन कार्यक्रम ब्रांड की पहचान, उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

वीडीए वीसी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का आयोजन निफ्ट की प्रोफेसर डा. स्मृति यादव, असिस्टेंट प्रो. ऋषिकांत कुमार ने किया था। इस दौरान उन्होंने बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के महत्व को बताया। फैशन डिजाइन स्नातक कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि यह कोर्स भारतीय और वैश्विक फैशन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। वहीं टेक्सटाइल डिजाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसमें बुनाई, प्रिंट डिजाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल हैं तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया। जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिजाइन समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा निटवियर डिजाइन, लैदर डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी स्नातक कोर्स की जानकारी भी दी गई।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.12.2024

### वीडीए ने आठ बीघा अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जोन चार की प्रवर्तन टीम ने नगवां वार्ड की कुल आठ बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। नगवां थाना-रोहनिया के अंतर्गत कुरुहुआ में रोशन राय व दिलीप राय की तरफ से बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग चार बीघा में की गयी अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। नगवां वार्ड के थाना-रोहनिया के अंतर्गत गजाधरपुर में संजय गिरी द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग चार बीघा में की गयी अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।

### गढ़वासी टोला में विकास कार्यों का शिलान्यास

**वाराणसी।** वीडीए के तत्वावधान में गढ़वासी टोला स्थित आंतरिक गलियों और संपर्क मार्ग के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों में पेयजल लाइन 423 मीटर, सीवर लाइन 80 मीटर, सीसी रोड 373 मीटर और स्टोन फ्लोरिंग का समावेश है। इनकी अनुमानित लागत 72.32 लाख रुपये है। शिलान्यास समारोह का नेतृत्व विधायक नीलकंठ तिवारी ने किया। इस अवसर पर वीडीए के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और संबंधित विकासकर्ता भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 27.12.2024

### वीडीए में बच्चों को बताया गया फैशन डिजाइनिंग का महत्व



**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में डॉ. स्मृति यादव (प्रोफेसर निफ्ट), ऋषिकांत कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के महत्त्व को बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को कैरियर के विभिन्न अवसरों और फैशन डिजाइनिंग के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।

वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि फैशन कम्युनिकेशन डिजाइन स्नातक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक अवसर मिलते हैं। वहीं टैक्सटाइल डिजाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, इसमें बुनाई, प्रिंट डिजाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल हैं तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया, जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिजाइन समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा निटवियर डिजाइन, लैदर डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स की जानकारी भी दी गई।

उपाध्यक्ष ने छात्रों से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने की अपील की। आयोजित कार्यशाला में प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 27.12.2024

### विकास प्राधिकरण सभागार में आयोजित की गई कार्यशाला

**बच्चों को सिखाया गया फैशन डिजाइनिंग का महत्व**

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में डॉ0 स्मृति यादव (प्रोफेसर निफ्ट), ऋषिकांत कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को कैरियर के विभिन्न अवसरों और फैशन डिजाइनिंग के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।

उपाध्यक्ष, वी0डी0ए0 द्वारा बताया गया कि फैशन कम्युनिकेशन डिज़ाइन स्नातक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि निफ्ट (ह्युस्त्र) का फैशन



कम्युनिकेशन कार्यक्रम ब्रांड की पहचान और उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।फैशन डिज़ाइन स्नातक कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि यह कोर्स भारतीय और वैश्विक फैशन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। वहीं टैक्सटाइल डिज़ाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, इसमें बुनाई, प्रिंट डिज़ाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल हैं तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया, जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिज़ाइन समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा निटवियर डिज़ाइन, लैदर डिज़ाइन, फैशन प्रौद्योगिकी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फैशन उद्योग में नए आयाम और छात्रों के लिए कैरियर विकल्पों को उजागर किया गया। उपाध्यक्ष ने छात्रों से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने की अपील की। आयोजित कार्यशाला में प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## जागरूक एक्सप्रेश–दि0 27.12.2024

### कार्यशाला में सिखाया गया फैशन डिजाइनिंग का महत्व

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के सभागार में गुरुवार को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में डा. स्मृति यादव (प्रोफेसर निफ्ट), ऋषिकांत कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के महत्त्व को बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को कैरियर के विभिन्न अवसरों और फैशन डिजाइनिंग के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। उपाध्यक्ष, वीडीए द्वारा बताया गया कि फैशन कम्युनिकेशन डिजाइन स्नातक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक



अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि निफ्ट (NIFT) का फैशन कम्युनिकेशन कार्यक्रम ब्रांड की पहचान और उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। फैशन डिजाइन स्नातक कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि यह कोर्स भारतीय और वैश्विक फैशन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। वहीं टैक्सटाइल डिजाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, इसमें बुनाई, प्रिंट डिजाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल हैं तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया, जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिजाइन समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा निटवियर डिजाइन, लैदर डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फैशन उद्योग में नए आयाम और छात्रों के लिए कैरियर विकल्पों को उजागर किया गया। उपाध्यक्ष ने छात्रों से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने की अपील की।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 27.12.2024

## विकास प्राधिकरण सभागार में कार्यशाला आयोजित,बच्चों को सिखाया गया फैशन डिजाइनिंग का महत्व



वाराणसी। वाविप्रा के सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में डॉ0 स्मृति यादव (प्रोफेसर निफ्ट), ऋषिकांत कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के महत्त्व को बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को कैरियर के विभिन्न अवसरों और फैशन डिजाइनिंग के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।उपाध्यक्ष, वी0डी0ए0 द्वारा बताया गया कि फैशन कम्युनिकेशन डिज़ाइन सनतक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक अवसर मिलते है। उन्होंने कहा कि निफ्ट (च्छ्ऊ) का फैशन कम्युनिकेशन कार्यक्रम ब्रांड की पहचान और उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।फैशन डिज़ाइन सनतक कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि यह कोर्स भारतीय और वैश्विक फैशन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। वहीं टैक्सटाइल डिज़ाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, इसमें बुनाई, प्रिंट डिज़ाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल है तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया, जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिज़ाइन समाधान प्रदान करता है। उपाध्यक्ष ने छात्रों से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने की अपील की। आयोजित कार्यशाला में प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## गढ़वासी टोला में विकास कार्यों का शिलान्यास



वाराणसी। वविप्रा के तत्वावधान में गढ़वासी टोला स्थित आंतरिक गलियों और संपर्क मार्ग के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों में पेयजल लाइन, सीवर लाइन, सीसी रोड और स्टील स्टोन फ्लोरिंग का समावेश है। इनकी अनुमानित लागत 72.32 लाख रुपये है। शिलान्यास समारोह का नेतृत्व माननीय दक्षिण विधायक श्री नीलकंठ तिवारी ने किया। इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और संबंधित विकासकर्ता भी उपस्थित रहे। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के निवासियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करेगी और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए इसके शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन की उम्मीद जताई।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 27.12.2024

### वाविप्रा जोन-4 की प्रर्वतन टीम ने की कुल 8 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 26 दिसम्बर को जोन-4, वार्ड -नगवां की प्रर्वतन टीम द्वारा कुल 08 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-नगवां, थाना-रोहनिया के अन्तर्गत कुरहुआ में रोशन राय व दिलीप राय द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये डलगभग 04 बीघा में की गयी अवैध प्लाटिंग को 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत आज 26 दिसम्बर को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।इसी क्रम में वार्ड-नगवां, थाना-रोहनिया के अन्तर्गत गजाधरपुर में संजय गिरी द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 04 बीघा में की गयी अवैध प्लाटिंग को 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत 26 दिसम्बर को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।इस मौके पर जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियन्ता राकेश सिंह व आदर्श निराला व प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 27.12.2024

### वीडीए में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को सिखाया गया फैशन डिजाइनिंग का महत्व



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग फैशन डिजाइनिंग संबंधित कार्यशाला में रहे मौजूद

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में डॉ0 स्मृति यादव (प्रोफेसर निफ्ट), ऋषिकांत कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों को कैरियर के विभिन्न अवसरों और फैशन डिजाइनिंग के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी।

वीडीए वीसी द्वारा बताया गया कि फैशन कम्युनिकेशन डिज़ाइन स्नातक कोर्स के जरिए फैशन और जीवनशैली उद्योग में प्रवेश के आधुनिक और रोमांचक अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि निफ्ट (NIFT) का फैशन कम्युनिकेशन कार्यक्रम ब्रांड की पहचान और उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। फैशन डिज़ाइन स्नातक कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि यह कोर्स भारतीय और वैश्विक फैशन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। वहीं टैक्सटाइल डिज़ाइन कार्यक्रम में धागे से कपड़े तक के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, इसमें बुनाई, प्रिंट डिज़ाइन और सतह अलंकरण जैसे विषय शामिल हैं तथा फैशन इंटीरियर कार्यक्रम को भी बढ़ते अवसरों का माध्यम बताया गया, जो सस्टेनेबल और नवाचारपरक डिज़ाइन समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा निटवियर डिज़ाइन, लैदर डिज़ाइन, फैशन प्रौद्योगिकी स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फैशन उद्योग में नए आयाम और छात्रों के लिए कैरियर विकल्पों को उजागर किया गया। उपाध्यक्ष ने छात्रों से इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारने की अपील की। आयोजित कार्यशाला में प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।